# जो देखकर भी नहीं देखते

Question 1.
आँखों वाले मनुष्य देखकर भी नहीं देख पाते
(a) क्योंकि वे गूंगे हैं
(b) क्योंकि वे बहरे हैं
(c) क्योंकि वे वास्तव में अंधे हैं
(d) वे अपनी क्षमताओं की कद्र नहीं करते

▼ Answer

Answer: (d) वे अपनी क्षमताओं की कद्र नहीं करते

---

Question 2.
लेखिका क्या परखने के लिए अपने मित्रों की परीक्षा लेती है?
(a) क्या उनको व्यावहारिक ज्ञान है
(b) क्या वे देखते हैं
(c) क्या वे भी अंधे हैं
(d) वे कितना अध्ययन करते हैं

▼ Answer

Answer: (b) क्या वे देखते हैं

---

Question 3.
लेखिका की मित्र ने उनके किस प्रश्न के उत्तर में कहा-"कुछ खास तो नहीं"।
(a) आपने क्या-क्या देखा?
(b) आपने क्या-क्या सुना?
(म) आपने क्या-क्या महसूस किया?
(d) आपने क्या-क्या चखा?

▼ Answer

Answer: (a) आपने क्या-क्या देखा?

---

Question 4.
चीड़ की छाल कैसी होती है?
(a) मखमली
(b) चिकनी
(c) मुलायम
(d) खुरदरी

▼ Answer

Answer: (d) खुरदरी

---

Question 5.
'जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) प्रेमचंद
(b) सुंदरा रामस्वामी
(c) जया विवेक
(d) हेलेन केलर

▼ Answer

Answer: (d) हेलेन केलर

---

Question 6.
जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं-हेलेन केलर ने ऐसा क्यों कहा?
(a) वे लापरवाह होते हैं
(b) उनकी संवेदना मर चुकी होती है
(c) वे अहंकारी होते हैं
(d) वे दूसरों का दर्द नहीं समझ सकते

▼ Answer

Answer: (b) उनकी संवेदना मर चुकी होती है

---

Question 7.
हेलेन केलर प्रकृति की चीजों को किस प्रकार पहचानती है?
(a) सूंघकर
(b) देखकर
(c) छूकर
(d) दूसरों से उसका वर्णन सुनकर

▼ Answer

Answer: (c) छूकर

---

Question 8.
कान बंद कर लेने से आसपास की दुनिया कैसी लगती है?
(a) रंग-बिरंगी
(b) गूंगी-बहरी
(c) शांत
(d) खूबसूरत

▼ Answer

Answer: (c) शांत

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

क्या यह संभव है कि भला कोई जंगल में घंटाभर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज न देखे? मुझे-जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता-सैकड़ों रोचक चीजें मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नयी कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूंजने लगते हैं। अपनी अंगुलियों के बीच झरने के पानी को बहते हुए महसूस कर मैं आनंदित हो उठती हूँ। मुझे चीड़ की फैली पत्तियाँ या घास का मैदान किसी भी महँगे कालीन से अधिक प्रिय है। बदलते हुए मौसम का समाँ मेरे जीवन में एक नया रंग और खुशियाँ भर जाता है।

Question 1.
लेखिका चीजों को कैसे पहचान लेती है?
(a) देखकर
(b) सुनकर
(c) छूकर
(d) सूंघकर

▼ Answer

Answer: (c) छूकर।

---

Question 2.
भोजपत्र की छाल कैसी होती है?
(a) खुरदरी
(b) सख्त
(c) टेढ़ी-मेढ़ी
(d) चिकनी

▼ Answer

Answer: (d) चिकनी।

---

Question 3.
लेखिका ने फूलों की पंखुड़ियों की सतह को कैसा बताया है?
(a) समतल
(b) मखमली
(c) खुरदरी
(d) चिकनी

▼ Answer

Answer: (b) मखमली।

---

Question 4.
लेखिका को चीड़ की पत्तियाँ कैसी लगती हैं?
(a) महँगे कालीन से अधिक प्रिय
(b) नुकीली
(c) खुरदरी
(d) चिकनी

▼ Answer

Answer: (a) महँगे कालीन से अधिक प्रिय।

---

Question 5.
‘आनंदित’ शब्द में प्रत्यय बताइए।
(a) आ
(b) इत
(c) इक
(d) नंदित

▼ Answer

Answer: (b) इत
‘इत’ प्रत्यय।

---

(2)

कभी-कभी मेरा दिल इन सब चीजों को देखने के लिए मचल उठता है। अगर मुझे इन चीजों को सिर्फ छूने भर से इतनी खुशी मिलती है, तो उनकी सुंदरता देखकर तो मेरा मन मुग्ध ही हो जाएगा। परंतु, जिन लोगों की आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं। इस दुनिया के अलग-अलग सुंदर रंग उनकी संवेदना को नहीं छूते। मनुष्य अपनी क्षमताओं की कभी कद्र नहीं करता। वह हमेशा उस चीज की आस लगाए रहता है जो उसके पास नहीं है। यह कितने दुःख की बात है कि दृष्टि के आशीर्वाद को लोग एक साधारण-सी चीज समझते हैं, जबकि इस नियामत से जिंदगी को खुशियों के इंद्रधनुषी रंगों से हरा-भरा किया जा सकता है।

Question 1.
लेखिका का मन इन चीजों को देखने के लिए मचलता है, परन्तु वह क्यों नहीं देखती?
(a) उस पर देखने का प्रतिबंध है
(b) वह घर में ही रहती है
(c) वह नेत्रहीन है
(d) वह दूरबीन ही देख सकती है

▼ Answer

Answer: (c) वह नेत्रहीन है।

---

Question 2.
आँखों वाले लोग बहुत कम क्यों देखते हैं?
(a) क्योंकि वे देखकर भी नहीं देखते
(b) उन्हें दिखाई नहीं देता
(c) वे अपने को सर्वज्ञ समझते हैं
(d) वे अंतर्यामी नहीं हैं।

▼ Answer

Answer: (a) क्योंकि वे देखकर भी नहीं देखते।

---

Question 3.
अलग-अलग सुंदर रंग किसकी संवेदना को नहीं छू सकती?
(a) नेत्रहीन लोगों की
(b) नासमझ लोगों की
(c) आँखों वाले लोगों की
(d) कठोर हृदय वालों की

▼ Answer

Answer: (c) आँखों वाले लोगों की।

---

Question 4.
हमारे लिए सबसे बड़ी नियामत क्या है?
(a) हमारे पास धन का होना
(b) हमारे पास शिक्षा का होना
(c) हमारे पास सुख-सुविधाओं के साधन होना
(d) हमारे पास आँखों का होना

▼ Answer

Answer: (d) हमारे पास आँखों का होना।

---

Question 5.
'इंद्रधनुष' एक संज्ञा शब्द है, क्या जुड़ने से यह शब्द विशेषण हो गया है?
(a) ई
(b) 'इ'
(c) षी
(d) इन्द्र

▼ Answer

Answer: (a) ई
'ई' प्रत्यय जुड़ने से यह विशेषण बन गया।

---